हंगरी द्वारा स्वीडन की नाटो सदस्यता का अनुसमर्थन

[स्रोत: द हिंदू](#)

हंगरी की संसद ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन में शामिल होने के लिये **स्वीडन की दावेदारी को मंज़ूरी देने के लिये मतदान** किया, जिससे वह गठबंधन में शामिल होने वाला 32वाँ देश बन गया।

- नाटो, एक महत्त्वपूर्ण **ट्रान्साटलांटिक सैन्य और राजनीतिक गठबंधन** है जो गठबंधन में शामिल सदस्य देशों के लिये **सामूहिक सुरक्षा** सुनिश्चित करता है। इसका गठन प्रमुख रूप से यूरोप और उत्तरी अमेरिका के 12 देशों द्वारा किया गया था। यह अंतर्राष्ट्रीय स्थिरता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- **NATO का मुख्यालय ब्रसेल्स, बेल्जियम में बुलेवार्ड लियोपोल्ड-III में स्थित है।**
- नाटो के गठबंधन:
    - यूरो-अटलांटिक पार्टनरशिप काउंसिल
    - **भूमध्यसागरीय वार्ता:** यह एक साझेदारी मंच है, जिसका उद्देश्य नाटो के भूमध्य और उत्तरी अफ्रीकी पड़ोस में सुरक्षा तथा स्थिरता में योगदान करना है एवं भाग लेने वाले देशों व नाटो सहयोगियों के बीच अच्छे संबंधों और समझ को बढ़ावा देना है।
    - **इस्तांबुल सहयोग पहल (ICI):** इसका उद्देश्य व्यापक मध्य पूर्व क्षेत्र में गैर-नाटो देशों को नाटो के साथ सहयोग करने का अवसर प्रदान कर दीर्घकालिक वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा में योगदान करना है।
- **"नाटो प्लस"** का आशय **नाटो** और अमेरिका के **पाँच संधि सहयोगियों** द्वारा स्थापित सुरक्षा व्यवस्था से है जिनमें **ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, जापान, इज़रायल और दक्षिण कोरिया** शामिल हैं जिसका उद्देश्य सदस्यों के रूप में **वैश्विक रक्षा सहयोग** को बढ़ाना तथा चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से रणनीतिक प्रतिस्पर्द्धा करना है।
    - **नाटो प्लस** नाटो के अंतर्गत **आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त अथवा स्थापित अवधारणा नहीं** है।



//

और पढ़ें...[उत्तर अटलांटिक संधि संगठन](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hungary-ratifies-sweden-s-nato-membership